विचार-प्रवाह...राज्यों का गुणा-भाग



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 14 अप्रैल 2020



मौसम | अधिकतम 35.0° | न्यूनतम 21.0°

30654.18 | 2 पाक ने दुनिया से मांगी कर्ज में राहत | 7 धोनी को किस आधार पर टीम में चुना जाए

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना से 9,152 बीमार, 308 मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में हर दिन कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे है। राजस्थान में 43 नए मामलों की पुष्टि हो गई है। इसके साथ ही यहां मरीजों की संख्या 847 हो गई है। नए मामलों में 20 मामले जयपुर में सामने आए हैं। इसके अलावा भरतपुर में 11 और 7 जोधपुर में मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आज सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में कोरोना वायरस के अब तक 9,152 मामले सामने आ गए हैं। इनमें से 857 लोग ठीक हो गए हैं और 308 लोगों की मौत हो गई है। 7987 लोगों का इलाज जारी है। पिछले 24 घंटे में 35 लोगों की मौत हुई है।

### सुंदर पिचई ने 'गिव इंडिया' को पांच करोड़ रुपये दान किए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोनावायरस की चपेट में आती दुनिया को देखते हुए बड़े-बड़े कारोबारी और कॉर्पोरेट जगत के नामचीन लोगों के साथ-साथ कई नामी चेहरे अपना योगदान दे रहे हैं। अब इस लिस्ट में गूगल के प्रमुख सूंदर पिचई ने योगदान दिया है। कोरोनावायरस महामारी का मुकाबला करने के लिए पिचई ने 'गिव इंडिया' को पांच करोड़ रुपये दान किए हैं। गिव इंडिया ने ट्वीट किया, 'संकटग्रस्त दिहाड़ी मजदूरों के परिवारों तक अत्यंत जरूरी नकद सहायता पहुंचाने के लिए गूगल की तरफ से पांच करोड़ रुपये का अनुदान देने के लिए धन्यवाद सुंदर पिचई।'

### चीन में बढ़ा कोरोना का खौफ, 108 नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन में बीते 5 सप्ताह में सोमवार को पहली बार कोविड-19 के 108 नए मामले सामने आए हैं। कोविड-19 से सर्वाधिक प्रभावित हुबेई प्रांत में इससे दो और लोगों की जान जाने के बाद देश में इससे मरने वालों की संख्या 3,341 हो गई।

# पीएम आज 10 बजे करेंगे देश को संबोधित

कुछ नई छूट मिल सकती हैं

## ताजा हालात देखते हुए लॉकडाउन दो हफ्ते बढ़ने के पूरे चांस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आखिर जिसका सबको इंतजार था उस सवाल का जवाब कल मिलने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज खुद सुबह 10 बजे देश को संबोधित करनेवाले हैं। कल ही 21 दिन का लॉकडाउन भी खत्म हो रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री खुद आगे का प्लान बता सकते हैं कि लॉकडाउन बढ़ेगा या नहीं। वैसे ताजा हालात देखते हुए लॉकडाउन दो हफ्ते बढ़ने के पूरे चांस हैं। हालांकि, कुछ नई छूट मिल सकती हैं।

इससे पहले आज मोदी के संबोधन की बात कही जा रही थी। लेकिन फिर सरकारी सूत्रों ने खुद इसे खारिज किया था। देशभर में पहले ही कोरोना वायरस लॉकडाउन बढ़ने की चर्चा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में मुख्यमंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बात की थी। उस मीटिंग में यह बात निकलकर आई थी कि लॉकडाउन को कम से कम दो हफ्ते यानी इस पूरे महीने के लिए बढ़ाया जाना चाहिए। अब हो सकता है कि मोदी खुद कल इस बात की घोषणा कर दें।

**45 दिनों में 20 लाख स्टोर बनाने की योजना:** सूत्रों के अनुसार सरकार का लक्ष्य अगले 45 दिन में ऐसे 20 लाख स्टोर बनाने है। प्रत्येक एफएमसीजी कंपनी को इस योजना को अमली जामा पहनाने के लिए एक या दो राज्य की जिम्मेदारी दी जा सकती है। संपर्क करने पर अग्रवाल ने कहा कि सरकार 'सुरक्षा स्टोर' पर काम कर रही है। लेकिन उन्होंने इस बारे में कोई विस्तृत जानकारी देने से इनकार कर दिया।



### बेजान हुई अर्थव्यवस्था को चलाने का जिम्मा

21 दिन के लॉकडाउन की वजह से देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर हुआ है। लोगों के पास काम धंधा नहीं है। ऐसे में इसबार सरकार कृषि के साथ-साथ कारखानों और माल के ट्रांसपोर्ट को छूट दे सकती है। बंदिशें खासकर ऐसे इलाकों तक सीमित रह सकती हैं जहां कोरोना के के ज्यादा हैं, मतलब हॉस्पॉट इलाकों में।

### किसानी के साथ-साथ कारखानों को छूट संभव


21 दिन के लॉकडाउन में खेती से जुड़े कामों को छूट थी। लेकिन कारखाने बंद थे, जिससे लोगों के रोजगार छिन गए। इसबार लॉकडाउन 2.0 में सरकार छोटे और मध्यम उद्योगों को खोल सकती है। कारखाना मालिकों से कहा जाएगा कि मजदूरों को अंदर ही रोका जाए, खाने-पीने और रहने का इंतजाम वहीं हो।

### 6 राज्य कर चुके हैं लॉकडाउन बढ़ाने की घोषणा

6 गैर बीजेपी राज्य (दिल्ली, महाराष्ट्र, तेलंगाना, वेस्ट बंगाल, पंजाब और ओडिशा) पहले ही लॉकडाउन को पूरे अप्रैल तक लागू रखने की बात कह चुके हैं। बीजेपी शासित राज्य भी इसपर राजी है, उन्हें केंद्र के फैसले का इंतजार है।

## दिल्ली और एनसीआर में भूकंप के झटके किए गए महसूस

# 24 घंटे में दूसरी बार हिली धरती



रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 2.7 आंकी गयी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दिल्ली। दिल्ली और एनसीआर में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। पिछले 24 घंटे में दूसरी बार दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 2.7 बताया जा रहा है।

भूकंप करीब डेढ़ बजे आया। इससे पहले दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में रविवार शाम भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए थे। भूकंप से भयभीत होकर लोग अपने घरों से बाहर निकल आये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.5 आंकी गयी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार भूकंप की मध्यम तीव्रता के झटके शाम 5.45 बजे महसूस किए गए। इसका केन्द्र एनसीआर क्षेत्र में उत्तर में 28.7 डिग्री अक्षांश और पूर्व में 77.2 डिग्री देशांतर पर भू-सतह से आठ किमी गहराई में स्थित था।

उल्लेखनीय है कि भूकंप की अधिक तीव्रता के लिहाज से देश को पांच जोन में बांटा गया है। दिल्ली, अधिक तीव्रता वाले चौथे जोन में स्थित है। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक जीएल गौतम ने बताया कि भूकंप का केन्द्र उत्तर पूर्वी दिल्ली के वजीराबाद क्षेत्र में जमीन से आठ किमी गहराई में केन्द्रित था।

उन्होने बताया कि भूकंप के झटके एनसीआर के पूर्वी इलाकों में नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद में भी महसूस किये गये। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, 'दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस किये गये। आशा है सभी लोग सुरक्षित होंगे। मैं आप सभी में से हर एक के सुरक्षित होने की दुआ करता हूं।'

उल्लेखनीय है कि कोरोना संकट के कारण देशव्यापी लॉकडाउन लागू है। इस वायरस के संक्रमण से बचने और इसे फैलने से रोकने के लिये लॉकडाउन के तहत लोग घरों में ही रहने को मजबूर हैं। दिल्ली में 2004 में 2.8 और इससे पहले 2001 में 3.4 तीव्रता का भूकंप आया था।

### मोदी ने कहा, 24 घंटे, सातों दिन आपके साथ

भूकंप के कारण भयभीत लोग अपने घरों से बाहर आ गए। स्थानीय प्रशासन ने अब तक जान माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिलने की जानकारी दी है। पूर्वी दिल्ली के निवासी एस दामले ने बताया कि उन्होंने भूकंप आने पर अपनी कुर्सी में कंपन महसूस किया। यह कुछ पल के लिये डरा देने वाला अनुभव था।

# फ्लोर टेस्ट को लेकर सही था राज्यपाल का फैसला

- सुको ने मामले में दिया 68 पेज का आदेश
- राज्यपाल अपने अधिकार का कर सकते हैं इस्तेमाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश में पिछले दिनों हुए सियासी घटनाक्रम और सरकार गठन के मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि राज्यपाल के फ्लोर टेस्ट का फैसला सही था और यह जरूरी भी था क्योंकि सरकार बहुमत खो चुकी थी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हालात के मुताबिक राज्यपाल की ओर से फ्लोर टेस्ट का फैसला लिया जाना बिल्कुल सही कदम था। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कांग्रेस पार्टी की ओर से राज्यपाल के फ्लोर टेस्ट के फैसले पर सवाल उठाए गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस के वकील अभिषेक मनु सिंघवी के इस तर्क को मंजूर नहीं किया कि राज्यपाल आदेश पारित नहीं कर सकते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गवर्नर विधानसभा के चल रहे सत्र के दौरान भी अपने अधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं।

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 68 पेज का विस्तृत आदेश दिया है। इसमें कोर्ट ने सभी स्थितियों को और साफ कर दिया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष और राज्यपाल के अधिकारों के टकराव के मुद्दे पर विस्तार से फैसला सुनाया।

# थैंक गॉड इंडिया में फंस गया

अमेरिका के करीब 24000 लोग अभी भारत में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस के खौफ के बीच कुछ अमेरिकी लोग भारत में फंसने को सही मान रहे हैं। इसकी मुख्य वजह से कोरोना द्वारा अमेरिका में मचाई गई तबाही है। पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलिया ने अपने 444 लोगों को स्पेशल फ्लाइट भेजकर भारत से एयरलिफ्ट कर लिया। लेकिन बहुत से देशों के लोग खासकर अमेरिका, वापस नहीं जाना चाहते।

बाकी सरकारों की तरह अमेरिकी प्रशासन भी दूसरे देशों में फंसे अपने लोगों को निकाल रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ऐसे 50 हजार लोगों को निकालने का दावा कर चुके हैं। इसी बीच अमेरिकी प्रशासन ने इस बात की पुष्टि की थी कि कई नागरिकों ने फिलहाल भारत में ही रुकने की इच्छा जताई है। अमेरिका के ही एक अधिकारी ने वहां की मीडिया को बताया था कि करीब 24000 अमेरिका फिलहाल भारत में हैं।


**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in